कार्यालय प्राचार्य
बी.सी.एस. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी (छ.ग.)
Website – www.bcspgcdmt.com
E-mail – pgcollege.dhamtari@gmail.com
AISHE CODE- C-21763
दूरभाष –07722–238933
फैक्स – 07722–237933

क्र./671/IQAC/2022 दिनांक – 25.07.2022

# "IQAC बैठक सूचना"

महाविद्यालय के IQAC समिति के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है,कि दिनांक 27.07.2022 दिन बुधवार को अपरान्ह 3:00 बजे मुख्य भवन स्थित स्मार्ट क्लास रूम में बैठक आयोजित है, अतः समस्त सदस्य निर्धारित समय में उक्त बैठक में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें।

**बैठक का एजेण्डा :–**

01. नैक मूल्यांकन में प्राप्त ग्रेड विषय पर चर्चा।
02. सत्रारंभ में प्रवेश प्रकिया।
03. सत्र 2022–23 के समयसारिणी।
04. 29 अगस्त को खेलकूद दिवस का आयोजन।
05. 14 सितंबर हिन्दी दिवस का आयोजन।
06. जिला चिकित्सालय के तत्वावधान में नेत्रदान पखवाड़ा कार्यक्रम का रेडक्रास समिति के द्वारा आयोजन एवं दिनांक 25.07.2022 को कोरोना के टीकाकरण कार्यक्रम की समीक्षा ।
07. मनोविज्ञान विभाग के दुर्गा महाविद्यालय, रायपुर के साथ MOU पर विचार।
08. अर्थशास्त्र विभाग द्वारा आयोजित वेबीनार।
09. 8 सितंबर को राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा विश्व साक्षरता दिवस कार्यक्रम।
10. एन.सी.सी. एवं एन.एस.एस. के द्वारा रक्तदान शिविर आयोजन के संबंध में विचार।
11. IQAC समिति के पुर्नगठन।
12. अध्यक्ष के अनुमति से अन्य विषय पर चर्चा।

(श्री पी.सी.चौधरी)
IQAC समन्वयक
बी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
जिला-धमतरी (छ.ग.)
IQAC Co.-ordinator
B.C.S. Govt. P.G. College
Dhamtari (C.G.)

(डॉ. श्रीदेवी चौबे)
प्र. प्राचार्य
बी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
जिला-धमतरी (छ.ग.)
Principal
B.C.S. Govt. P.G. College
Dhamtari (C.G.)

# IQAC समिति
# बी.सी.एस. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी (छ.ग.)

## ॥ IQAC बैठक कार्यवाही विवरण ॥
## दिनांक 27.07.2022

| Agenda | Resolution |
|---|---|
| 1. नैक मूल्यांकन में प्राप्त ग्रेड विषय पर चर्चा। | • महाविद्यालय के तृतीय चक्र के नैक मूल्यांकन में ग्रेड प्राप्त होने पर समस्त संबंधित को आभार ज्ञापित किया गया। साथ ही जिन विषयों में कम अंक प्राप्त हुआ उन बिंदु पर समीक्षा करते हुए अगले मूल्यांकन में सावधानी पूर्वक तैयारी हेतु मार्गदर्शन दिया गया। नैक टीम द्वारा दिये गये सुझावो पर भी विचार कर आगे की योजना बनाया गया। |
| 2. सत्रारंभ में प्रवेश प्रक्रिया। | • 2022-23 के सत्र हेतु स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर के प्रवेश प्रक्रिया के सबंध में विचार विमर्श कर प्रवेश समन्वयक एवं प्रवेश प्रभारियो को दिशा निर्देश दिया गया। |
| 3. सत्र 2022-23 के समयसारिणी। | • प्रवेशित छात्र संख्या को ध्यान में रखते हुए कक्षाओं के सुचारू संचालन हेतु समय-सारिणी बनाने हेतु एवं प्रातः पाली एवं दोपहर पाली के लिए संकाय एवं समय निर्धारण विषय में समय-सारिणी समिति को दिशा-निर्देश दिये गये। |
| 4. 29 अगस्त को खेलकूद दिवस का आयोजन। | • स्व. ध्यानचंदजी के जन्म दिवस 29.08.2022 को राष्ट्रीय खेल दिवस आयोजित कर विद्यार्थियो एवं महाविद्यालय के प्राध्यापकों के लिए कुछ खेलकूद के कार्यक्रम के तैयारी हेतु संबंधित विभाग को निर्देश दिये गये। |
| 5. 14 सितंबर हिन्दी दिवस का आयोजन। | • 14 सितंबर को हिन्दीदिवस का आयोजन के रूपरेखा पर विचार विमर्श कर हिन्दी विभाग को कार्यक्रम आयोजन करने का दायित्व सौंपा गया। |
| 6. जिला चिकित्सालय के तत्वावधान में नेत्रदान पखवाड़ा कार्यक्रम का रेडक्रास समिति के द्वारा आयोजन एवं दिनांक 25.07.2022 को कोरोना के टीकाकरण कार्यक्रम की समीक्षा । | • रेडक्रास समिति द्वारा जिला चिकित्सालय धमतरी के सहयोग से नेत्रदान पखवाड़ा में संबंधित कार्यक्रम का आयोजन करने हेतु चर्चा कर संबंधित को निर्देश दिय गये। |
| 7. मनोविज्ञान विभाग के दुर्गा महाविद्यालय, रायपुर के साथ MOU पर विचार। | • मनोविज्ञान विभाग द्वारा दुर्गा महाविद्यालय रायपुर के मनोविज्ञान विभाग के साथ एमओयू का प्रस्ताव पर विचार किया गया एवं विभाग को उक्त विषय पर उचित कार्यवाही हेतु दिशा-निर्देश दिया गया साथ ही एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के साथ फैक्ल्टी एक्सचेंज कार्यक्रम को क्रियान्वित करने पर भी मार्गदर्शन दिया गया। |
| 8. अर्थशास्त्र विभाग द्वारा आयोजित वेबीनार। | • अर्थशास्त्र विभाग द्वारा दिनांक 15 जुलाई 2022 को "Reflection in the effectiveness of the |

| | |
|---|---|
| | startup India scheme for enterprenship development in India". विषय पर आयोजित वेबीनार के लिए साधुवाद ज्ञापित किया गया। राष्ट्रीय स्तर के इस वेबीनार में देश के प्राध्यापकों ने सहभागिता कर लाभ उठाया। |
| 9. 8 सितंबर को राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा विश्व साक्षरता दिवस कार्यक्रम | • विश्व साक्षरता दिवस के आयोजन हेतु राष्ट्रीय सेवा योजना के दोनों ईकाईयों के कार्यक्रम अधिकारियों को निर्देश दिये गये। |
| 10. एन.सी.सी. एवं एन.एस.एस. के द्वारा रक्तदान शिविर आयोजन के संबंध में विचार। | • इस सत्र में एन.एस.एस. एवं एन.सी.सी. के द्वारा रक्तदान शिविर के आयोजन हेतु तैयारी करने के लिए दोनों समिति को मार्गदर्शन दिया गया। |
| 11. IQAC समिति के पुर्नगठन | • IQAC समिति के गठन दो वर्ष पूरे हो चुके हैं अतः समिति के पुनर्गठन के संबंध में विशद चर्चा करने के उपरान्त आगामी नैक मूल्यांकन को दृष्टिगत रखते हुए नई समिति गठन करने हेतु प्रस्ताव रखे गये एवं शीघ्र नई समिति गठित करने का निर्णय लिया गया। |
| 12. अध्यक्ष के अनुमति से अन्य विषय पर चर्चा | |

(प्रो. पी.सी.चौधरी)
IQAC समन्वयक
बी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
जिला-धमतरी (छ.ग.)
IQAC Co-ordinator
B.C.S. Govt. P.G. College
Dhamtari (C.G.)

(डॉ.श्रीदेवी चौबे)
प्राचार्य
बी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
जिला-धमतरी (छ.ग.)
Principal
B.C.S. Govt. P.G. College
Dhamtari (C.G.)

# IQAC समिति
# बी.सी.एस. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी (छ.ग.)

## ॥ कार्य निष्पादन रिपोर्ट ॥

| Agenda | Action Taken Report |
|---|---|
| 1. नैक मूल्यांकन में प्राप्त ग्रेड विषय पर चर्चा। | • आगामी नैक मूल्यांकन में वर्तमान मूल्यांकन को ध्यान में रखकर तैयारी करने हेतु संबंधितों को निर्देश दिया गया।<br>• नैक के सुझावों पर गहन चर्चा के उपरान्त कार्य योजना बनाया गया।( पृष्ठ संलग्न ) |
| 2. सत्रारंभ में प्रवेश प्रकिया। | • इस सत्र के प्रवेश प्रक्रिया अद्यतन जारी है एवं प्रवेश प्रभारी वि. वि. निर्देशानुसार प्रवेश कार्य सकुशल संपादित कर रहे है। |
| 3. सत्र 2022-23 के समयसारिणी | • बैठक में किये गये विचार विमर्श के अनुसार वाणिज्य विभाग एवं सूचना प्रौद्योगिकी के कक्षायें प्रातः 8.00 बजे से प्रारंभ करने एवं कला , विज्ञान, विधि संकाय के कक्षाये 11.20 से संचालित करने निर्णय लिया गया एवं कक्षायें तदानुसार संचालित करने हेतु संबंधित संकाय द्वारा समय-सारिणी प्रस्तुत किये गये। |
| 4. 29 अगस्त को खेलकूद दिवस का आयोजन | • बैठक के निर्णयानुसार खेल विभाग द्वारा 29 अगस्त को खेलकूद दिवस के आयोजन के तहत प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों के लिए विभिन्न खेलकूद का आयोजन किया गया। रस्सा-खींच, सुई धागा दौड़, चम्मच कंचा दौड़ एवं कुर्सी दौड़ आदि विधाओं में सभी ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। |
| 5. 14 सितंबर हिन्दी दिवस का आयोजन। | • 14 सितंबर को हिन्दी विभाग द्वारा हिन्दी दिवस मनाया गया। जिसमें स्नातकोत्तर कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिये विविध प्रतियोगितायें रखी गयी थी। विभाग के अध्यापक एवं विद्यार्थियों द्वारा हिन्दी के विकास पर ध्यान केन्द्रित करने संकल्प लिया गया। |
| 6. जिला चिकित्सालय के तत्वावधान में नेत्रदान पखवाड़ा कार्यक्रम का रेडक्रास समिति के द्वारा आयोजन एवं दिनांक 25.07. 2022 को कोरोना के टीकाकरण कार्यक्रम की समीक्षा । | • दिनांक 25.07.2022 एवं 01.09.2022 को जिला चिकित्सालय के सहयोग से कोरोना टीकाकरण का कार्यक्रम आयोजित किये गये। जिसमें कुल 128 हितग्राहियों ने लाभ उठाया।<br>• दिनांक 03.09.2022 को जिला चिकित्सालय के तत्वावधान में महाविद्यालय के नवीन भवन स्थित स्मार्ट क्लास रूम में नेत्रदान पखवाड़ा के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। डॉ जे.एस. खालसा ने प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों को संबोधित कर नेत्रदान के महत्व पर प्रकाश डाला। नेत्र नहीं होने से कैसे समस्याओं का सामना करना पड़ता है विभिन्न रोचक खेल के माध्यम से समझाया गया। |
| 7. मनोविज्ञान विभाग के दुर्गा महाविद्यालय, रायपुर के साथ MOU पर विचार। | • दिनांक 06.09.2022 को मुख्य भवन के स्मार्ट क्लास रूम में दुर्गा महाविद्यालय, रायपुर के मनोविज्ञान विभाग के साथ MOU हस्ताक्षरित किया गया। जिसके तहत एक दिवसीय |

| | |
|---|---|
| | प्रशिक्षण कार्यक्रम "Role Playing Technique for Better Behavioural Pattern and Communication" विषय पर आयोजित किया गया। जिसमें डॉ शकुन्तला दुलानी मुख्य वक्ता थी। Faculty Exchange and Student Exchange विषय पर भी विचार किया गया। |
| 8. अर्थशास्त्र विभाग द्वारा आयोजित वेबीनार। | • अर्थशास्त्र विभाग द्वारा दिनांक 15.07.2022 को आयोजित वेबीनार हेतु विभाग को आभार व्यक्त कर भविष्य में भी इसी तरह के कार्यक्रम करते रहने की सलाह दी गयी। |
| 9. 8 सितंबर को राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा विश्व साक्षरता दिवस कार्यक्रम | • दिनांक 8 सितम्बर के महाविद्यालय के दोनो रा.से.यो. ईकाइयों द्वारा विश्व साक्षरता दिवस मनाया गया। जिसमें डॉ. ए.एस. साहू एवं प्रो. रश्मि कुजुर द्वारा साक्षरता विस्तार के लिए सामाजिक उत्तर दायित्व निभाने उपस्थित प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों को प्रेरित किया गया। |
| 10. एन.सी.सी. एवं एन.एस.एस. के द्वारा रक्तदान शिविर आयोजन के संबंध में विचार। | • दिनांक 24.09.2022 को एन.सी.सी. एवं एन. एस.एस. ईकाइयों के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थी एवं स्टॉफ में से कुल 32 लोगों ने रक्तदान किया। |
| 11. IQAC समिति के पुर्नगठन | • IQAC सदस्यो एवं प्राचार्य महोदया से विचार विमर्श कर समिति का पुनर्गठन किया गया। |
| 12. अध्यक्ष के अनुमति से अन्य विषय पर चर्चा | - |

# IQAC समिति
## बी.सी.एस. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी (छ.ग.)

## ।। नैक टीम द्वारा दिये गये सुझावों पर कार्ययोजना ।।

| नैक टीम द्वारा दिये गये सुझाव | सुझाव पर कार्ययोजना |
|---|---|
| 1. महाविद्यालय के विकास हेतु दीर्घकालीन योजना | • IQAC एवं अन्य समितियो से विचार विमर्श कर महाविद्यालय के विकास के लिये भविष्य की रणनीति तय करने हेतु निर्णय लिया गया। |
| 2. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के मानक के अनुसार स्थायी प्राचार्य एवं शैक्षणिक/अशैक्षणिक स्टॉफ की नियुक्ति। | • स्थायी प्राचार्य एवं अन्य पदों पर नियुक्ति हेतु उच्च शिक्षा विभाग से पत्राचार कर प्रयास जारी रखने का निर्णय। |
| 3. विज्ञान संकाय हेतु पर्याप्त अधोसंरचना का निर्माण । | • रूसा एवं उच्च शिक्षा विभाग से विज्ञान संकाय के अधोसंचरना हेतु आंबटन हेतु प्रस्ताव बनाकर भेजना। |
| 4. ग्रंथालय का संपूर्ण ऑटोमैशन | • ग्रंथालय को भविष्य में पूर्ण कम्प्यूटरीकृत करने हेतु उच्च शिक्षा विभाग एवं जनभागीदारी समिति से सहयोग हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किये जायेंगे। |
| 5. अन्य संस्थानों से सहभागिता | • भविष्य में अन्य शिक्षण संस्थाओं के साथ शैक्षणिक गतिविधियों में सहभागिता हेतु संस्थाओं से संपर्क कर संयुक्त गतिविधियों में वृद्धि करना। |
| 6. क्षेत्रीय आवश्यक्तानुसार रोजगार मूलक विषय प्रारंभ करना। | • क्षेत्र के विद्यार्थियों के आवश्यकतानुसार रोजगारन्मुखी पाठ्यक्रम प्रारंभ करने हेतु प्रयास के तहत विभाग को प्रस्ताव प्रेषित करना। |
| 7. विद्यार्थी एवं अध्यापकों के लिए अंग्रेजी संप्रेषण क्षमता वृद्धि करना। | • अंग्रेजी बोलने की क्षमता में वृद्धि हेतु अध्यापकों एवं विद्यार्थियों के लिए अलग से प्रशिक्षण की व्यवस्था हेतु महाविद्यालय प्रबंधन से सुझाव। |
| 8. Career Counselling को अधिक क्रियाशील बनाना एवं प्रतियोगिता परीक्षा हेतु कोचिंग करना। | • Career Counselling and Placement Cell को अधिक क्रियाशील बनाना एवं विभिन्न प्रतियोगी परीक्षा हेतु प्रतिभागियों को प्रशिक्षण उपलब्ध कराने की योजना बनाने का निर्देश दिया गया था। नैक टीम के सुझाव के अनुरूप 14 अक्टूबर 2022 को युवा कैरियर निर्माण योजना |

| | |
|---|---|
| | के तहत प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कार्यक्रम मा.विधायक, धमतरी श्रीमती रंजना साहू के पहल पर प्रारंभ किया गया। यह कार्यक्रम विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय, धमतरी के द्वारा क्रियान्वयन किया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत 500 प्रतिभागी पंजीकृत किये गये हैं, उनमें से 200 को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य रखा गया है। योजना की अवधि दिनांक 14 अक्टूबर 2022 से 14 फरवरी 2023 तय किया गया है। प्रशिक्षण का संचालन द्रोणा इनस्टीट्यूट धमतरी के द्वारा किया जा रहा है। |
| 9. एलुमनी समिति को गतिशील बनाकर महाविद्यालय के विकास में सहयोग। | • एलुमनी एसोशिएशन को अधिक कार्यक्षम कर महाविद्यालय के विकास में अपनी सहयोग प्रदान करने हेतु उत्साहित करना। |
| 10. जनभागीदारी एवं अशैक्षणिक अधिकारी कर्मचारियो को विश्वविद्यालयीन अनुदान आयोग के दर के अनुसार वेतन प्रदान करना। | • विभिन्न पदों पर कार्यरत अधिकारी एवं कर्मचारियों को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के दर से वेतन प्रदान करने हेतु जनभागीदारी समिति को प्रस्ताव भेजना। |

(प्रो. पी.सी.चौधरी)
IQAC समन्वयक
बी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
जिला-धमतरी (छ.ग.)
IQAC Co.-ordinator
B.C.S. Govt. P.G. College
Dhamtari (C.G.)

Principal
B.C.S. Govt. P.G. College
Dhamtari (C.G.)
(डॉ.श्रीदेवी चौबे)
प्राचार्य
बी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
जिला-धमतरी (छ.ग.)


GPS Map Camera
Dhamtari, Chhattisgarh, India
PG5J+83J, Subhash Nagar, Dhamtari, Chhattisgarh
493773, India
Lat 20.708251°
Long 81.529905°
27/07/22 03:30 PM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Dhamtari, Chhattisgarh, India
PG5J+83J, Subhash Nagar, Dhamtari, Chhattisgarh
493773, India
Lat 20.708251°
Long 81.529905°
27/07/22 03:30 PM GMT +05:30
Google